“Gender Equality and Education”

Department of Zoology, Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur

Date: 07th December 2024

दीन दयाल उपाध्याय विश्विद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग में मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत लैंगिक समानता एवम शिक्षा विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना और कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्विद्यालय की माननीय कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवम विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा सभी को सशक्त करती है एवम उन्हें आत्मनिर्भरता की तरफ अग्रसारित करती है। शिक्षा में लैंगिक समानता का मतलब है कि लड़कियों और लड़कों, पुरुषों और महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने के समान अवसर, समान संसाधन और सफलता की समान अपेक्षाएँ प्रदत करना हैं। शिक्षा में लैंगिक समानता का मतलब यह भी है कि स्कूल प्रणाली सभी छात्रों के लिए समावेशी, उत्तरदायी और सशक्त है, चाहे उनका लिंग कुछ भी हो।

लैंगिक समानता का मतलब है कि महिलाओं और पुरुषों को जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अधिकार, ज़िम्मेदारियां, और अवसर मिलें. लैंगिक समानता एक मानव अधिकार है। इसका मतलब है कि सभी वर्गों और जातियों की महिलाएं, पुरुष, लड़के, और लड़कियां समान रूप से भाग लें और उनका समान मूल्य हो। उन्होंने कहा इसके साथ ही महिलाएं को भी अपने आत्मविश्वास को बढ़ा कर कड़ी मेहनत कर अपने उपर विश्वास करना होगा तभी वे लोगों की मानसिकता में बदलाव ला सकेंगी। प्रोफेसर नंदिता सिंह, गोरखपुर यूनिवर्सिटी वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन की प्रेसिडेंट ने लैंगिक असमानता के इतिहास पर चर्चा करते हुए मिशन शक्ति की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण वास्तव में महिला की सोच पर है। यदि वो अपनी मानसिकता को बदलते हुए अपने

आत्मविश्वास के साथ स्वयं को सशक्त महसूस करेगी तो ज़रूर समानता ला पाएगी। निसंदेह शिक्षा ज्ञान के साथ साथ सभी को आत्मनिर्भर बनने की शक्ति प्रदान करती है। प्रोफेसर शांतनु रस्तोगी, प्रति कुलपति ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आज शिक्षा के कारण काफी बदलाव आया है। अब विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी कम नहीं है। जहां भी कुछ कमी है हमें पूरा विश्वास है हम उसे सही करने का शिक्षा द्वारा निरंतर प्रयास करते रहेंगे। प्रोफ़ेसर विनीता पाठक, नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति फेस 5 ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इस अभियान पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो और महिलाएं पुरुषों के समान सशक्त हो। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनैना गौतम ने किया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर रविकांत उपाध्याय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रोफेसर वीणा बी कुशवाहा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक और विधार्थी उपस्थित रहे।



GLOBUS
University

GLOBUS
Department of Zoology
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University
Mission Shakti Phase V
Gender Equality and Education